काकोरी ट्रेन एक्शन डे की 100वीं वर्षगांठ (पारिजात इकाई)

दिनांक 09/08/2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के पारिजात इकाई द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन डे की 100वीं वर्षगाँठ मनाया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन पर एक डॉक्युमेंट्री वीडियो के माध्यम से ट्रेन एक्शन और हमारे वीरों का शानदार प्रदर्शन दिखाया गया।

पारिजात इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक ने बताया कि अंग्रेज़ी शासन को मुंहतोड़ जबाब देने के मंसूबे में जिस तरह का जज़्बा चंद्रशेखर आज़ाद, पंडित रामप्रसाद बिसमिल, ठाकुर रौशन सिंह, राजेंद्र लिहारी और अश्फ़ाकुल्लाह ख़ान ने दिखाया वो हमारे गौरवशाली इतिहास को बताता है। एनसीसी के डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने इस कांड को देश की एक वैचारिक क्रांति बताया और कहा कि हमें आज़ादी के मूल्यों को समझने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कृषि संकाय के उत्कर्ष सिंह , अरुराग कसौधन , आदित्य चौधरी , विवेकानंद यादव , आदित्य चौहान , अखिलेश चौरसिया , अनुभव सिंह , श्रद्धा सिंह , शुभम् मौर्य , प्रियांशी पांडेय, व विकास यादव ने भाग लिया जिसमे उत्कर्ष सिंह प्रथम और विकास यादव द्वितीय और हिमांशी पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के डॉ. कुलदीप सिंह , डॉ. शाश्वती प्रेमकुमारी व कृषि संकाय के सभी छात्र व छात्राएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन प्रियांश मौर्य ने किया।

विश्वविद्यालय गोरखपुर
सेवा योजना
काकोरी
KAKORI
Website : www.mgug.ac.in